महत्वपूर्ण एवं खास

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा घायल

रायपुर (आरएनएस)। फुण्डहर चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजय निर्मलकर 20 वर्ष लालपुर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त मनोज धीवर के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी फुण्डहर चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे संजय की मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

ऑफिस का ताला टूटा, हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर (आरएनएस)। कमल विहार सेक्टर 8 स्थित ऑफिस का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय शर्मा 36 वर्ष गुड आइलेण्ड महादेव घाट का रहने वाला है। प्रार्थी का कमल विहार सेक्टर 8 में ऑफिस है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के ऑफिस का ताला तोडक़र डेल कंपनी का लेपटा, टीवी, सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नहर से युवक की तैरती हुई लाश बरामद, पुलिस जांच में जुटी

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां नहर में एक युवक की तैरती हुई लाश मिली, जिससे इलाके में हडक़ंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से निकाल कर उसकी शिनाख्त की। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जय कुमार गोंड, निवासी वार्ड क्र. 19, राहौद के रूप में हुई है। वह बीते दिन से अपने घर से लापता था और अब उसकी लाश नहर में मिली है। फिलहाल, पुलिस यह जांच कर रही है कि उसकी मौत हत्या है या आत्महत्या। मामले की गहराई से जांच जारी है।

पत्नी से छेड़छाड़ के आरोपियों ने पति को नग्न कर पीटा

कोरबा (आरएनएस)। पत्नी से छेड़छाड़ के आरोपियों ने पति को नग्न कर पीटा। मारपीट के बाद सभी युवकों ने बारी-बारी से युवक के चेहरे पर पेशाब किया और फिर उसे बरपाली ओवर ब्रिज के पास नग्न अवस्था में फेंक दिया। पीड़ित महताब (29) के मुताबिक, आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। जिसका विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देते थे। शनिवार रात जब अपने घर लौट रहा था तभी गांव के ही 5 युवकों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि गांव के ही गोलू, ईश्वर, दिलेश्वर और दो अन्य युवकों ने उसका रास्ता रोका और गाड़ी में जबरदस्ती बैठाकर एक सुनसान जगह ले गए, जहां उसके कपड़े उतार दिए और लात, डंडे और बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान वह हाथ जोडक़र गुहार लगाते रहे, लेकिन आरोपियों ने उनकी एक न सुनी। मारपीट के बाद सभी युवकों ने बारी-बारी से उनके चेहरे पर पेशाब किया और फिर उन्हें बरपाली ओवर ब्रिज के पास नग्न अवस्था में फेंक दिया।

लाल किले में भारत पर्व 2025 : छत्तीसगढ़ की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

0 झांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलक

रायपुर | आरएनएस

झांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलकझांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलकझांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलक

नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में आयोजित हो रहे भारत पर्व 2025 में छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है। यह झांकी राज्य की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और रामनामी समुदाय की विशिष्ट झलक को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। भगवान श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध रामनामी समुदाय इस झांकी का मुख्य आकर्षण है। उनकी अनोखी परंपराएं, संस्कृति और जीवनशैली दर्शकों को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की झांकी में राज्य की सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक लोक जीवन को बड़े ही शानदार तरीके से दर्शाया गया है।

झांकी में जनजातीय कला, पारंपरिक नृत्य, और शिल्प की झलक ने देश-विदेश से आए दर्शकों को राज्य की अनमोल सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया। साथ ही यह झांकी छत्तीसगढ़ की आदिवासी जीवनशैली और उनकी अनूठी परंपराओं का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करती है।

भारत पर्व 2025, जो गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों की झांकियां, सांस्कृतिक प्रदर्शन और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल जनता के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। छत्तीसगढ़ की झांकी ने 'देखो अपना देश' की थीम के तहत राज्य के सांस्कृतिक गौरव और परंपराओं को देश और दुनिया के सामने पेश किया है।

यह आयोजन 26 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक दर्शकों के लिए खुला है। निशुल्क प्रवेश के साथ, यह पर्व लोगों को भारत की सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक धरोहर, और आधुनिक विकास का अनुभव करने का अनोखा अवसर प्रदान करता है।

लाल किले के प्रांगण में छत्तीसगढ़ की झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। यह झांकी छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रही है।

कवर्धा के लिए 76वें गणतन्त्र दिवस रहा बेहद खास, दिल्ली में जिले को मिला विशेष सम्मान

- -बैगा परिवारों और कोटरा बुंदेली को गणतंत्र दिवस पर मिला राष्ट्रीय सम्मान
- -राष्ट्रपति के न्यौता पर दिल्ली पहुँचे जिले के बैगा परिवार दिल्ली के गणतन्त्र दिवस समारोह में शामिल हुए
- -राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू ने सभी का अभिनंदन किया

कवर्धा-रायपुर | आरएनएस

जिले के लिए 76वां गणतंत्र दिवस एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर लेकर आया। जिले के बैगा बाहुल्य कुकदूर तहसील क्षेत्र के कांदावानी और तेलियापानी गांव के छह बैगा सदस्यों और ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के छह सदस्यों और ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को 26 जनवरी 2025 को सम्मानित किया। विशेष आमंत्रण पर दिल्ली पहुँचे इन परिवारों में ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम पटपरी की मती जगतिन बाई बैगा और उनके पति फूल सिंह बैगा, ग्राम तेलियापानी की मती तीतरी बाई बैगा और पति बुध सिंह बैगा, तथा ग्राम तेलियापानी की ही मती बाली बाई बैगा और पति सोनू राम बैगा शामिल थे।

जिले के विशेष पिछडी जनजाति बैगा परिवार के सदस्यों ने दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह,सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की और उनके साथ संयुक्त फ़ोटो ग्राफ़ी की।

मती जगतिन बाई बैगा ने राष्ट्रपति से विशेष चर्चा करते हुए अपने गांव की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से उनके गांव में पहली बार सौर ऊर्जा से बिजली पहुंची, जिससे उनका जीवन बदल गया।

सौर ऊर्जा से बदली जिंदगी- 2024 की दीपावली से पहले इन बैगा परिवारों के घरों में अंधेरा था। जिला प्रशासन द्वारा क्रेडा विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पटपरी के सभी 25 घरों को सौर ऊर्जा संयंत्र से विद्युतीकृत किया जाए। दीपावली के पहले ही इन घरों में 300 वॉट के सोलर होम लाइटिंग सिस्टम लगाए गए, जिससे पहली बार इन परिवारों ने रात में रोशनी देखी।

हर घर जल योजना में कोटरा बुंदेली की उपलब्धि- गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की जल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत ने जलापूर्ति को घर-घर तक सुनिश्चित किया। 63.80 लाख रूपए की लागत से लागू इस योजना के तहत 141 परिवारों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई। 40 किलोलीटर क्षमता के जलाशय का निर्माण कर जल संकट का समाधान किया गया, जिससे ग्राम पंचायत जल समृद्धि की मिसाल बन गई।

खुशियों और गर्व का माहौल- दिल्ली जाने और राष्ट्रपति से मिलने का अवसर पाकर बैगा परिवारों में उत्साह और गर्व का माहौल है। मती जगतिन बाई बैगा ने भावुक होकर कहा कि यह सपना सच होने जैसा है। पहले हमारे गांव में अंधेरा था, लेकिन अब सौर ऊर्जा से रोशनी आई है।

मंदिर में पूजा कर रहे युवक को समाज विशेष के दूसरे युवक ने धमकाया

बिलासपुर-रायपुर | आरएनएस

बिलासपुर में आज एक ऑटो चालक ने मंदिर में पहुंच कर हनुमान चालीसा बंद करने की धमकी दी है. पूरी घटना आज सुबह 7:00 की है जिसका की सीसीटीवी फुटेज भी अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है. जानकारी के मुताबिक हनुमान मंदिर में रोज की तरह हनुमान चालीसा स्पीकर पर बज रहा था. जानकारी के मुताबिक इसी बीच अचानक एक ऑटो चालक इशहाक खान मंदिर पहुंचा और वहां खड़े व्यक्ति को धमकी देने लगा कि 'इतना हिंदू बनने का शौक है, तो अयोध्या जाओ। यहां हिंदू-हिंदू मत करो, नहीं तो मंदिर से चौंगा निकाल कर फेक दूंगा'. इतना ही नहीं ऑटो चालक ने मंदिर में गाली गलौज और अपशब्दों का भी प्रयोग करते हुए ये धमकी दी है. इस घटना के सीसीटीवी फुटेज के वायरल होने के बाद अब हिंदू संगठन से जुड़े लोग इसका विरोध कर रहे हैं. अब इस पूरे मामले को लेकर हिंदू संगठन पुलिस से शिकायत की तैयारी कर रहे है. वहीं सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर पुलिस भी हरकत में आ गई है।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में जूटमिल पुलिस की त्वरित कार्यवाई, आरोपी को पॉक्सो एक्ट में भेजा जेल

रायगढ़

दिनांक 26.01.2025 को जूटमिल पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी हसन लहरे (21 साल) निवासी डभरा जिला सक्ती को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

दिनांक 25.01.2025 को थाना जूटमिल क्षेत्र की बालिका अपने परिजनों के साथ थाना आकर लिखित आवेदन देकर आरोपी हसन लहरे के विरूद्ध शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। बालिका बताई कि करीब दो वर्ष पहले हसन लहरे से प्रेम संबंध था। उसी दौरान हसन अपने किराये के मकान में जबरन शारीरिक संबंध बनाया और अपने साथ अपने गांव भी लेकर गया था। जहां करीबन डेढ साल तक साथ रहे। हसल अब शादी से इंकार कर अपने घर से भगा दिया है। हसन लहरे द्वारा वर्ष 2023 से शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने के आवेदन पर अप.क्र. 39/2025 धारा 64(2)(ड), 65(1) बीएनएस, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा तत्काल कार्रवाई कर आरोपी हसन लहरे को हिरासत में लिया गया और 24 घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमाण्ड पश्चात सलाखों के पीछे भेजा गया है।

ऑपरेशन साइबर शील्ड : उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के 4 अधिकारी गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा साइबर क्राईम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने हेतु योजना तैयार कर म्यूल अकाउंट खोलने में शामिल खाता धारक/संवर्धक/ब्रोकर/बैंक अधिकारी सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु रेंज साइबर थाना को निर्देशित किया गया था। निर्देशानुसार 20 से अधिक टीमें बनाकर 50 से अधिक स्थानों पर रेड किया गया। आरोपियों की पतासाजी करते हुये म्यूल बैंक खाता धारक/ब्रोकर कुल 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ व तकनीकी साक्ष्य से आरोपियों से कनेक्ट होने पर थाना सिविल लाइन रायपुर के अपराध क्रमांक 44/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बी एन एस में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा सिविल लाइन के 4 बैंक अधिकारियों द्वारा बैंक के ड्यू डीलीजेन्स, के वाई सी नॉर्म्स का पालन नहीं करने, बैंक खाता खोलने के बदले ब्रोकरों से रकम प्राप्त करना व बैंक से इनसेंटिव लेना पाए जाने से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार बैंक अधिकारी

1 शुभम सिंह ठाकुर पिता अर्जुन सिंह उम्र 27 पता मठपारा दुधाधारी मंदिर रोड वार्ड न. 64 टिकरापारा

2 हिमांशु शर्मा पिता शांतनु शर्मा उम्र 26 साल स्थाई पता - वार्ड क्रमांक 10 थाना आरंग

3 सुमित दीक्षित पिता बृज किशोर दीक्षित उम्र 28 पता शंकर नगर राम नगर फेस 2 म.न. ए 1 थाना खम्हारडीह रायपुर

4 अनुपम शुक्ला पिता अरुण कुमार शुक्ला उम्र 23 पता -प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर 02 पटेल पारा थाना पुरानी बस्ती रायपुर

युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

- रिमांड पर भेजा गया

रायगढ़

पुसौर पुलिस ने 20 वर्षीय युवती को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में आरोपी विवेक सुरेन (निवासी आमापाली, थाना उरगा, जिला कोरबा) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

घटना 9 जून 2024 का है, जब पुसौर थाना क्षेत्र की युवती ने जहरीला पदार्थ सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में थाना पुसौर में मर्ग क्रमांक 50/24 के तहत धारा 174 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत जांच शुरू की गई। मृतिका के परिजनों के बयान और पुलिस जांच से यह सामने आया कि युवती का विवेक सुरेन के साथ प्रेम संबंध था और दोनों की शादी तय हो चुकी थी। मई 2024 में युवती परिवारजनों के साथ कोरबा शादी में गई थी। जहां विवेक सुरेन से मुलाकात हुआ। उसके बाद कई बार मिलने के साथ-साथ फोन पर बातचीत का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान दोनों के बीच अंतरंग संबंध भी बने।

बाद में दोनों के संबंधों में अनबन हुई और विवेक ने शादी से इंकार करते हुए युवती को चेटिंग के माध्यम से जानकारी दी। विवेक के इस कदम से आहत होकर युवती ने 9 जून 2024 को जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने मर्ग जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर कल 26 जनवरी को विवेक सुरेन के खिलाफ धारा 306 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया।

पुसौर थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित बंजारे के नेतृत्व में पुलिस टीम कोरबा होकर आरोपी विवेक सुरेंद्र (उम्र 20 साल) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के बाद आरोपी का मोबाइल जब्त कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में विस्तृत जांच जारी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

अवैध शराब के खिलाफ जूटमिल, तमनार और पुसौर पुलिस की प्रभावी कार्यवाई, तीन मामलों में 5 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाइक और अवैध शराब जब्त

रायगढ़

26 जनवरी के शुष्क दिवस के मद्देनज़र अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में 25 जनवरी को जूटमिल, पुसौर और तमनार थाना क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की गई। तीन अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में शराब और वाहनों को जप्त किया गया।

जूटमिल थाना क्षेत्र में निरीक्षक मोहन भारद्वाज की टीम ने ग्राम बड़माल के रेंगालपाली चेक पोस्ट पर चेकिंग अभियान के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को पकड़ लिया। आरोपी जगन्नाथ प्रधान (25) निवासी ग्राम लारा थाना पुसौर और आरोपी दिनबंधु परिडा (54),निवासी थाना ओडगांव, जिला नयागढ़ ओड़िसा हॉल ग्राम लारा के निवासी हैं। आरोपियों के बैग से 01 अंग्रेजी शराब की बोतल और 06 पाव उड़ीसा राज्य की सीलबंद शराब और 06 नग बीयर की बोतल मिला, कुल शराब मात्रा 5.730 वल्क लीटर किमती 3070/ रु. एवं उक्त शराब को परिवहन के उपयोग मे लाई जाने वाली मोटर सायकल हीरो एच.एफ. डिलक्स रंग ग्रे ब्लैक कमांक ओडी-25-एल-8841 को गवाहो के समक्ष जप्ती किया गया।

तमनार थाना क्षेत्र में सहायक उपनिरीक्षक सुरूति लाल सिदार और प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया के नेतृत्व में पुलिस ने लमडांड मेन रोड पर नाकेबंदी कर शराब तस्करी करते दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। आरोपी 01. कार्तिक राम बंजारा पिता S/O स्व शहनी राम बंजारा उम्र 55 सा लमडांड (खुरुसलेंगा) थाना तमनार 02.तेजराम सिदार ऊर्फ पुजेरी S/O स्व नकुल सिदार उम्र 59 वर्ष सा गौरबहरी थाना तमनार के पास से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब और एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल जप्त की गई। दोनों आरोपियों पर धारा 34(2) और 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इसी तरह, पुसौर थाना क्षेत्र में निरीक्षक नाशीर खान के नेतृत्व में पुसौर पुलिस के साथ विशेष टीम ने साझा कार्रवाई पर उड़ीसा से शराब परिवहन करने वाले साधुराम सागर (46) को पकड़ा। आरोपी के पास से 70 पाउच (12.600 बल्क लीटर) महुआ शराब बरामद की गई। यह शराब ओडिशा की "मयूर छाप" वाली थी। पुलिस ने संबंधित थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज किया। तीनों मामलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी चोट दी है। जिले में अवैध शराब पर अभियान स्तर पर कार्रवाई जारी है।